सार-समाचार

भागवत कथा सुनने भक्त उमड़े

जोधपुर, (कासं)। झालामंड स्थिति श्रीयादे माता मन्दिर धाम में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। पंडित नन्दकिशोर महाराज (साथिनवालो) ने कथा का वाचन करते मन्नु महाराज और महारानी सतरूपा की पांच संतान के विवाह के प्रसंग की व्याख्या की। उन्होंने अनेक प्रसंगों के माध्यम से धर्म एवं सत् मार्ग पर चलने की सीख दी। उन्होंने कहा कि प्रभु से बढ़कर कोई और सुख और सम्पदा नहीं। काम, क्रोध, लोभ व मोह भक्ति मार्ग में बाधक है। भागवत कथा श्रवण करने वालों का जीवन सदैव कल्याणकारी होता है। मनुष्य जीवन विषय वस्तु को भोगने के लिए नहीं मिला है, लेकिन आज का मानव भगवान की भक्ति को छोड़ विषय वस्तु को भोगने में लगा हुआ है। उसका सारा ध्यान संसारिक विषयों को भोगने में ही लगा हुआ है। भगवान की भक्ति में ही शक्ति है। उन्होंने कहा कि सभी अपने बच्चों को संस्कार अवश्य दें, जिससे वह बुढ़ापे में अपने माता पिता की सेवा कर सकें, गो सेवा, साधु की सेवा कर सकें। प्रवीण पंवार (जोधपुरी) व अरूण गुर्जर, मनीष सोनी ने भजनों की प्रस्तुति दी। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। अंत में मंगलाचरण आरती में प्रजापति समाज के लोगों ने भाग लिया। श्री यादें माता जयन्ती के उपलक्ष में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन रविवार को भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। कथा का समय दोपहर बारह बजे से शाम चार बजे तक है।

गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल

जोधपुर, (कासं)। गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी, रविवार को यहां श्री उम्मेद राजकीय स्टेडियम में आयोजित होने वाले जिलास्तरीय मुख्य समारोह के लिए शनिवार को हुई फुल ड्रेस रिहर्सल में देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रमों का बेहतर दिग्दर्शन हुआ। इसमें अतिरिक्त जिला कलैक्टर (सिटी) उदय भानु चारण के निर्देशन में सभी कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास हुआ। फुल ड्रेस रिहर्सल में सलामी मंच पर ध्वजारोहण के बाद परेड कमांडर खेताराम कंपनी कमांडर के नेतृत्व में विभिन्न टुकड़ियां द्वारा सलामी तथा चारण द्वारा परेड निरीक्षण का पूर्वाभ्यास किया गया। रिहर्सल परेड में फर्स्ट आर ए सी, पुलिस आयुक्तालय पुरुष, पुलिस आयुक्तालय महिला, सेंट्रल जेल, पुरुष एवं महिला होमगार्ड, स्काउट और गाइड की टुकड़ियां शामिल रहीं। पुलिस और आर ए सी की बैंड प्लाटून द्वारा बैंड धुन पर सलामी का पूर्वाभ्यास हुआ। फुल ड्रेस रिहर्सल में देशभक्तिपूर्ण सामूहिक नृत्य, सामूहिक व्यायाम, लेजियम और डम्बल्स की भी प्रस्तुति दी जाकर इनका पूर्वाभ्यास किया गया। पूर्वाभ्यास के सम्पन्न होने के उपरान्त अतिरिक्त जिला कलक्टर चारण ने विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की और अधिकारियों एवं कार्यक्रम आयोजन से संबंधित व्यक्तियों को दिशा-निर्देश दिए।

ऑटो रिक्शा मजदूर संघ की बैठक

जालोर, (कासं)। ऑटो रिक्शा मजदूर संघ जालोर की बैठक हल्देशवर महादेव मंदिर में शनिवार को अध्यक्ष अम्बालाल माली की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिलाध्यक्ष अम्बालाल माली ने बताया कि ऑटो चालक अपने अपने वाहन सही जगह पर खडे तथा किसी वाहन के पीछे वाहन को नही दौडाय। जिससे कई बडा हादसा नही हो सके तथा यातायात नियमो की पालना करें। साथ ही अध्यक्ष माली ने सरकार द्वारा ऐलोटमेन्ट स्टेण्डो की प्रति यातायात प्रभारी पन्नालाल को सौंपी गयी। सायबर क्राईम के सी आई महेन्द्र सिंह ने भी सायबर क्राईम के बारे मे जानकारी दी। जिसमें कोई भी ऑटो रिक्शा चालक अनजान नम्बर देखकर फोन नही उठावे, अगर आपके साथ कोई फ्रोड होता है, तो आप सायबर क्राईम के हेल्प नम्बर पर कॉल करें। इस दौरान जिलाध्यक्ष अम्बालाल माली,यातायात के ठाकराराम, शैतानसिंह , टोयाराम डांगी ,सोमेश्वर, भंवरदान, शिवलाल, ऑटो रिक्शा चम्पालाल सोलंकी, डायाराम, नियाज मोहम्मद , डायाराम माली , रावताराम चौधरी सहित काफी संख्या में ऑटो चालक मौजूद थे।

उत्कृष्ट कार्य पर सम्मान होगा

सायला, (निसं)। उपखण्ड मुख्यालय पर रविवार को 76वां गणतंत्र दिवस समारोह खेलमैदान सायला में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। समारोह के तहत मुख्य अतिथि उपखण्ड अधिकारी सूरजभान बिश्नोई द्वारा प्रात: 9:30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। तत्पश्चात विभिन्न राजकीय एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थी मार्च-पास्ट एवं शारीरिक व्यायाम का प्रदर्शन करेंगे। साथ ही देशभक्ति व राजस्थानी संस्कृति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, भामाशाहों, समाजसेवी व्यक्तियों, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों एवं खिलाडियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। वही गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में दोपहर तीन बजे राउमावि सायला के प्रांगण में ग्रामीण बनाम प्रशासन के बीच वॉलीबॉल के मैत्री मैच का आयोजन होगा। इधर कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों द्वारा शनिवार को विभिन्न कार्यक्रमों का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। साथ ही प्रशासन द्वारा समारोह स्थल पर साफ-सफाई, पांडाल निर्माण, सजावट आदि तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

जे.डी.ए में समारोह आठ बजे

जोधपुर, (नि.सं.)। जोधपुर विकास प्राधिकरण में हर साल की तरह इस साल भी 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। संभागीय आयुक्त एवं जेडीए अध्यक्ष डॉ. प्रतिभा सिंह द्वारा आज प्रात: 8:00 बजे जेडीए कार्यालय भवन में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जाएगा। इस अवसर पर प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी, सचिव भागीरथ बिश्नोई, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहेंगे। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी देते हुए राष्ट्रगान होगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्राधिकरण के अधिकारीगण एवं कर्मचारियों को मिठाई वितरित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह के उपलक्ष्य में, प्राधिकरण अभियंतागण द्वारा कार्यालय भवन व कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई करवाते हुए रंग-रोगन कर सुंदर रंगोली से सुसज्जित किया गया है साथ ही गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जोधपुर विकास प्राधिकरण कार्यालय भवन को रोशनी से जगमग भी किया गया है।

चौखा में ध्वस्त किए अतिक्रमण

जोधपुर, (नि.सं.)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा नियमित रूप से अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमणों पर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जेडीए दस्ते द्वारा शनिवार को ठाम चौखा में अवैध रूप से निर्माण कार्य कर किए जा रहे अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। उपायुक्त जोन-04 अदिति पुरोहित के निर्देशन जेडीए तहसीलदार मय जेडीए की अतिक्रमण निरोधक टीम द्वारा ठाम चौखा रामराज नगर आवासीय योजना के मौका निरीक्षण के दौरान राजकीय अवकाश शनिवार एवं रविवार के मध्य नजर अतिकर्मी द्वारा प्राधिकरण की रामराज नगर आवासीय योजना में अवैध एवं अनाधिकृत रूप से निर्माण कार्य कर अतिक्रमण किया जा रहा था। जेडीए दस्ते द्वारा उक्त अवैध अतिक्रमण को जेसीबी की सहायता से ध्वस्त कर हटाया गया।

57 कनिष्ठ लेखाकारों ने कार्य संभाला

जैसलमेर, (नि.सं.)। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार प्रतियोगी परीक्षा-2023 में सफल घोषित होने एवं बोर्ड द्वारा कनिष्ठ लेखाकार पद पर नियुक्ति की अनुशंषा किये जाने पर निदेशालय कोष एवं लेखा राजस्थान, जयपुर द्वारा जैसलमेर जिले को आवंटित कुल 60 कनिष्ठ लेखाकारों में से 57 कनिष्ठ लेखाकारों ने कोष कार्यालय जैसलमेर में अपना कार्यभार ठाहण कर लिया है। कोषाधिकारी जैसलमेर देरावरसिंह राठौड़ ने बताया कि इन नवनियुक्त लेखाकर्मियों को आगामी दिनांक 27 मई, 2025 में आईएफएमएस एवं कोष कार्यालय के कार्यकलापों के सन्दर्भ में प्रतिदिन बेहतर ढंग से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में इन सभी नवनियुक्त लेखाकार्मिकों की उपस्थित अनिवार्य रहेगी। उन्होंने नवनियुक्त कनिष्ठ लेखाकारों का मुंह मीठा कर अभिनंदन किया

राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया

जालोर, (कासं)। स्थानीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। चिकित्सालय के नर्सिंग अधीक्षक महेन्द्र कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयुष नर्स हिमांशु आचार्य ने मतदान की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर डॉ. निलेश दहिया, जयवीर सिंह,वरिष्ठ सहायक वक्ताराम देवडा, कमलेश भट्ट, अशोक, नदीम, नरबहादुर जतनों देवी आदि कार्मिक उपस्थित थे।

जसवंतसिंह द्वितीय की प्रतिमा स्थापना के लिए भूमि पूजन हुआ

जोधपुर ,(नि.सं.)। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के पुराने परिसर में कॉमर्स फैकल्टी के पास इसके संस्थापक स्वर्गीय महाराजा जसवंतसिंह द्वितीय की भव्य प्रतिमा की स्थापना के लिए भूमि पूजन व शिलान्यास का कार्यक्रम पूर्व महाराजा गज सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। गज सिंह ने छात्र संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह भाटी के मूर्ति स्थापना के लिए किए जा रहे सार्थक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कुलगुरु व विश्वविद्यालय का भी आभार जताया।

जेएनवीयू छात्र संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह भाटी ने बताया कि भूमि पूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु प्रोफेसर के एल श्रीवास्तव ने की व एबीवीपी के प्रांत संगठन मंत्री उपमन्यु सिंह राणा व छात्र संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह भाटी ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ भूमि पूजन किया।

समारोह में पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रविंद्र सिंह राणावत , सहायक प्रोफेसर क्षितिज महर्षि, प्रोफेसर महेंद्र कुमार सामरिया, जालम सिंह रावलोत, हनुमान सिंह खांगटा, राजेंद्र सिंह लीलिया , मधुसूदन सिंह, शिव मंगल सिंह ,गोपाल सिंह भलासरिया, जालम सिंह, चंद्रवीर सिंह बड़ला , लोकेंद्र सिंह गोर्डिया , गजेंद्र सिंह, मोतीसिह जोधा, जीवन सिंह उदावत, नवलसिंह , भैरू सिंह चाबा, मदन सिंह गड़ा , बबलू सोलंकी, अजय राजसिंह , हर्ष करनोत, मानवेंद्र, राजवीर , लोकेंद्र एवं सर्व समाज के व्यक्ति उपस्थित थे। जेएनवीयू छात्रसंघ अध्यक्ष अरविन्दसिंह भाटी ने बताया पंचधातु से निर्मित यह प्रतिमा 8 फीट 7 इंच ऊंची होगी। इसका निर्माण जनसहयोग से किया जा रहा है।

भाटी ने इस परियोजना को जनभागीदारी से पूर्ण करने का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि प्रतिमा अगले 2 माह मे स्थापित होगी। उन्होंने बताया की प्रतिमा स्थापना के समय उस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनने के लिए सभी सम्माननीय नागरिकों, विद्यार्थियों, पूर्व विद्यार्थियों और समाज के सभी वर्गों को आमंत्रित जाएगा।

छात्रसंघ अध्यक्ष भाटी ने बताया कि महाराजा जसवंतसिंह द्वितीय ने 132 वर्ष पूर्व सन 1893 में एस.एम.के. जसवंत कॉलेज की स्थापना की थी। उस समय यह संस्थान इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एफिलिएटेड था।

यह संस्थान बाद में सन 1962 में जोधपुर विश्वविद्यालय और फिर वर्ष 1992 से जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के नाम से जाना जाने लगा। उन्होंने बताया कि शिक्षा के प्रति सोच रखने वाले ऐतिहासिक पुरुष की प्रतिमा लगाना विश्वविद्यालय व छात्र संघ के लिए व गौरव की बात होगी।

वृद्धा की गला काटकर हत्या, केयर टेकर युवती गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। फलोदी शहर के सबसे व्यस्ततम बाजार में शामिल जयनारायण व्यास सर्कल पर मकान में शुक्रवार दिनदहाड़े एक वृद्धा की गला काटकर हत्या करने के मामले का पुलिस ने बारह घंटे के भीतर पर्दाफाश कर दिया है। इस मामले में एक युवती को गिरफ्तार किया गया है। यह युवती मृतक वृद्धा के घर में घरेलू नौकरानी (केयरटेकर) का काम करती थी। उसे काम से निकल दिया गया था। उसने काम पर नहीं रखने की बात पर हुए झगड़े के कारण वारदात को अंजाम दिया था।

फलोदी पुलिस अधीक्षक पूजा अवाना ने बताया कि कस्बा फलोदी में गला काटकर वृद्ध महिला की हत्या कर देने की घटना में घर में काम करने वाली केयर टेकर लक्ष्मी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। फलोदी थानाधिकारी महेंद्र दत्त शर्मा ने बता कि जयनारायण व्यास सर्किल के पास रहने वाली राधा देवी (80) की शुक्रवार को हत्या हुई थी। घर पर शव को सबसे पहले स्कूल से लौटी उनकी पोती ऐश्वर्या (19) ने देखा था। राधा देवी का पुत्र चंद्रप्रकाश जोधपुर में था। पोती ऐश्वर्या स्कूल से लौटी तो उसने बिस्तर पर दादी के शव को खून से सनी हालत में देखा। इसके बाद उसने आस पड़ोसियों को इसकी जानकारी दी। ऐश्वर्या 12वीं क्लास में पढ़ती है। मां की चार साल पहले ही मौत हो चुकी है। राधा देवी के बेटे चंद्रप्रकाश ने घर में काम करने वाली नौकरानी लक्ष्मी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था जिस पर केयरटेकर लक्ष्मी भील (32) को डिटेन कर पूछताछ की गई। पूछताछ में सामने आया कि राधा देवी ने लक्ष्मी को काम से निकाल दिया था। केयरटेकर लक्ष्मी बुजुर्ग राधा के घर में रहती थी।

शुक्रवार दोपहर को लक्ष्मी दोबारा काम कर रखने के लिए राधा देवी के घर पहुंची लेकिन राधा देवी ने लक्ष्मी को काम पर रखने से मना कर दिया। इससे नाराज होकर लक्ष्मी ने रसोई से चाकू लेकर राधा देवी का गला काट दिया। इसके बाद मौके से फरार हो गई।

अपराह्न साढ़े तीन बजे पोती ऐश्वर्या स्कूल से घर लौटी तो दादी का खून से लथपथ शव देखा। इससे वह घबरा गई और चीखने-चिल्लाने लगी। उसने पिता को फोन कर जानकारी दी। उन्होंने अपने दोस्त के मार्फत पुलिस को सूचित कराया। आधा किमी दूर थाने से पुलिस वारदातस्थल पहुंची। अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। एफएसल को भी बुलाकर साक्ष्य संकलन करवाए गए। पुलिस आरोपी युवती से पूछताछ कर रही है।

कार सवार बदमाशों ने बाइक सवार को लूटा

जोधपुर, (कासं)। शहर के निकटवर्ती करवड़ थाना क्षेत्र के गांगाणी गांव की सरहद में एक बाइक सवार युवक को कार बदमाशों ने डरा धमका कर उसकी बाइक और मोबाइल लूट कर ले गए। पीड़ित ने इस बारे में करवड़ थाने में रिपोर्ट दी है। फिलहाल बदमाशों का पता नहीं चला है।

करवड़ पुलिस के अनुसार मालियों का बास, गांगाणी निवासी श्रवण गहलोत की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया। इसमें बताया कि वह अपनी बाइक से सरहद गांगाणी से निकल रहा था।

तब पीछे से एक कार आई और उसमें सवार पांच छह लोगों ने उसे रूकवाने के बाद डराया धमकाया और उसकी बाइक और मोबाइल को लूट कर ले गए। बदमाशों में एक व्यक्ति बाइक को चला कर गया। मामले को लेकर अब पुलिस ने जांच आंरभ की है।

श्वान सामने आने से बाइक फिसली, तीन भाई घायल

पाली, (नि.सं.)। पाली में तीन भाइयों की बाइक कुत्ते को बचाने के चक्कर में हादसे का शिकार हो गई। दो जनों को शुक्रवार देर रात इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। तीनों 26 जनवरी की तैयारियों के लिए पड़ोस के गांव में शूज लेने के लिए जा रहे थे।

जानकारी अनुसार पाली जिले के मारवाड़ जंक्शन क्षेत्र के देवली आऊवा गांव निवासी 18 साल का ललित पुत्र मोहनलाल सगे भाई संदीप (14) और कुलदीप (16) को बाइक पर बिठाकर शुक्रवार शाम को शूज दिलाने के लिए खिंवाड़ा जा रहा था। इस दौरान रास्ते में उनकी बाइक के आगे अचानक डॉग आ गया। ऐसे में उसने ब्रेक लगाए। बाइक स्लीप होने से तीनों नीचे गिरकर घायल हो गए। तीनों को इलाज के लिए मारवाड़ जंक्शन हॉस्पिटल लाया गया। जहां से घायल संदीप और कुलदीप को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया। शुक्रवार रात को दोनों को उपचार के लिए परिजन पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां उनका उपचार किया गया। दोनों की हालत खतरे से बाहर है। घायलों के रिश्ते के भाई विनोद ने बताया कि दोनों भाई 26 जनवरी को लेकर नए जूते मांग रहे थे। ललित खिंवाड़ा उन्हें लेकर जा रहा था। इस दौरान यह हादसा हो गया।

साइबर फ्रॉड, पुलिस सुरक्षा वि.वि. के सहायक आचार्य के खाते से 99 हजार पार

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर स्थित सरदार पटेल पुलिस सुरक्षा विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य से 99 हजार की ठगी हो गई। अज्ञात शख्स द्वारा उनके खाते से दो बार रूपए निकाल लिए गए। पूर्व में परिवाद दिया गया था, मगर राशि होल्ड के साथ रिफंड नहीं हो पाई। रूपए एमपी से निकलना प्रतीत हो रहा है। फिलहाल मंडोर पुलिस ने इसमें अग्रिम अनुसंधान आरंभ किया है।

मंडोर थाना प्रभारी एवं एसआई अरूणा ने बताया कि मूलत: तमिलनाडू हाल लालबाग नागौरी गेट निवासी डॉ. रुफश डी पुत्र एस देवेएरायकम ने रिपोर्ट दी है। वे सरदार पटेल पुलिस सुरक्षा विश्वविद्यालय में सहायक आचार्य के पद पर कार्यरत है। मामले के अनुसार 2 दिसम्बर 2023 को दोपहर 12.38 बजे उनके मोबाइल फोन पर एक मैसेज प्राप्त हुआ जिसमें पता लगा कि उनके एसबीआई एकाउंट से 95 हजार रूपए निकाले गए है। बाद में 4 हजार और निकाल लिए गए। इस पर उनके द्वारा तत्काल एसबीआई को शिकायत दी गई। फर्जी तरीके से रूपए निकलने के बाद उनके द्वारा अपने डेबिट कार्ड, एटीएम, एसबीआई ऑनलाइन पैमेट लिंक को ब्लॉक कर दिया गया। मैसेज राहुल एस नाम से आया हुआ था। उनका कहना है कि उनके द्वारा किसी प्रकार का कोई ट्रांजेक्शन नहीं किया गया फिर से खाते से रूपए निकाल लिए गए।

एसआई अरूणा का कहना है कि रूपए संभवत: मध्यप्रदेश से निकाले गए है। यह भी प्रतीत हो रहा है कि खातों को किराए पर लेने वालों की यह कारस्तानी हो सकती है। फिलहाल जांच की जा रही है। परिवादी की राशि भी होल्ड नहीं हो पाई है।

टोल माफ करवाने की मांग

सायला, (निसं)। टैक्सी यूनियन सायला ने शनिवार को चौराऊ टोल प्लाजा पर टैक्सी चालकों का टोल शुल्क माफ करवाने की मांग को लेकर उपखण्ड अधिकारी सूरजभान बिश्नोई को ज्ञापन सौंपा। ायला के टैक्सी चालक प्रतिदिन सायला-बागोडा रोड पर आवागमन करते हैं।

AUCTION FOR SALE
Salvage disposable of 2300 pcs of Solar Panel damaged due to wind storm lying at **Renew Power Rampuria, Tehsil - Sahgada, District - Jaisalmer, State-Rajasthan-345026** For Sale **"ON AS IS WHERE IS BASIS"**. Interested buyers can inspect from **27th Jan to 02nd** Feb and participate in online auction along with **EMD Rs. 1,00,000/-**. Auction will be held on **03rd February 1:00 pm to 2:00 pm** on our website:
www.salvagewealth.in
Auctioneer Details:
Mrs. Neha Mehra
81 30 17 15 75

तीन शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का लोकार्पण

जैसलमेर, (नि.सं.)। शहरी क्षेत्र में शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर गांधी कॉलोनी , सोनाराम की ढाणी तथा पुलिस लाइन कच्ची बस्ती तीन संस्थानों का लोकार्पण जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी द्वारा फीता काटकर व शिलापट्ट का अनावरण कर शनिवार को किया गया।

लोकार्पण उपरांत अतिथियों ने तीनों शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर भवनों के वार्ड, दवा वितरण केंद्र व चिकित्सक कक्षों का निरीक्षण किया विधायक छोटू सिंह भाटी ने आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए चिकित्सा संस्थानों के लोकार्पण होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरो के माध्यम से स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर लाभ मिलेगा।

चाकू से हमला, युवक घायल

जोधपुर, (कासं)। शहर के निकट विनायक पुरा गांव में एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया गया। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। आरोपी फरार है और उनके बीच आपसी रंजिश होना बताया जाता है।

करवड़ पुलिस के अनुसार मामले में विनायकपुरा निवासी भींयाराम विश्रोई की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह शुक्रवार की शाम को विनायकपुरा क्षेत्र से निकल रहा था। तब कैलाश विश्रोई ने उसका रास्ता रोककर मारपीट करने के साथ चाकू से हमला कर दिया।



जोगाराम पटेल ने विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया

जोधपुर, (कासं)। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र लूणी के ग्राम पंचायत बड़ला नगर में कुम्हारिया नाडा, ग्राम पंचायत लूणावास खारा में लूणवास खारा एवं परिहारों की ढाणी में 125.98 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत शिलान्यास-लोकार्पण किया।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार सभी वर्गों के उत्थान के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार युवा हितों को ध्यान में रखकर रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे है। सरकार द्वारा इस वर्ष 1 लाख और 5 वर्ष में 4 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की जाएगी। इसके लिए सरकार द्वारा भर्ती प्रक्रिया का कैलेंडर जारी कर तय समयावधि में युवाओं नौकरी दी जाएगी।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अनूठी संकल्पना 'कैच द रेन' से प्रेरित है। इस अभियान में प्रवासी राजस्थानी बंधुओं एवं प्रदेश सरकार द्वारा राजस्थान में 45 हजार रैन वाटर रिचार्ज स्ट्रक्चर वर्ष 2027-28 तक बनाए जाने हैं, जो वर्षा का पानी संठाहित कर भूमिगत पानी के स्तर को बढ़ाएंगे। यह अभियान जन भागीदारी से जन आंदोलन में परिवर्तित होता जा रहा है।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा बजट में लूणी विधानसभा क्षेत्र को ऐतिहासिक सौगातें मिली है। उन्होंने कहा पहली बार कुड़ी भगतासनी में नवीन नगरपालिका और सांगरिया में सैटेलाइट अस्पताल खोला गया। साथ ही 132 केवी के 2 जीएसएस पाल और फींच में स्वीकृत किए गए।

पटेल ने कहा आरडीएसएस योजनांतर्गत विद्युत प्रसारण तंत्र का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में विद्युत की छीजत कम होगी और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कृषि आदान-अनुदान शीघ्र किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित किया जाएगा।

पटेल ने कहा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनांतर्गत 'गिव अप अभियान' से लोगों ने स्वेच्छा से अपना नाम एनएफएसए सूची से हटवाया है। जिसकी बदौलत एनएफएसए पोर्टल खोला गया है। संसदीय कार्य मंत्री ने आहवान करते हुए कहा सभी जनप्रतिनिधि और अधिकारी एनएफएसए सूची में नाम जुड़वाने के लिए केवल पात्र वंचित लाभार्थियों के आवेदन करवाएं।

पटेल ने कहा शिक्षा ही वह शक्ति है, जो न केवल एक व्यक्ति को सशक्त बनाती है, बल्कि समाज और राष्ट्र को समृद्धि की ओर अठासर करती है। उन्होंने कहा हमारी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले।हम शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा सरकार शिक्षा में सुधार और उच्च तकनीक लाने के लिए नई योजनाओं पर काम कर रही है। साथ ही डिजिटल क्लासरूम, वैज्ञानिक प्रयोगशालाएँ और पुस्तकालय की सुविधाएँ हर विद्यालय में उपलब्ध कराने का हमारा लक्ष्य है।

समग्र शिक्षा अभियान योजनान्तर्गत रा.उ.मा. विद्यालय कुम्हारिया नाडा लागत राशि 47.10 लाख रूपये से निर्मित 3 कक्षा-कक्ष, स्थानीय विधायक निधि योजनांतर्गत ग्राम पंचायत बड़ला नगर में रा.उ.मा.वि. कुम्हारिया नाडा में टिन शेड निर्माण कार्य लागत राशि 10 लाख रुपये, समग्र शिक्षा अभियान योजनान्तर्गत रा.उ.मा.वि. लूणावास खारा में लागत राशि 33.43 लाख रूपये के 2 कक्षा-कक्ष,स्थानीय विधायक निधि योजनांतर्गत लूणावास खारा में ठाकुर जी के मन्दिर के पास निर्मित सार्वजनिक वाचनालय लागत राशि 8 लाख रूपये का शिलान्यास किया गया।

समग्र शिक्षा अभियान योजनान्तर्गत रा.उ.मा.वि. परिहारों की ढाणी में लागत राशि 27.45 लाख रूपये से निर्मित 3 कक्षा-कक्ष का लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम में धवा प्रधान गोविंदराम, उप प्रधान शेराराम पाबड़, सरपंच बड़ला नगर श्रीमती शांति देवी, सरपंच लूणावास खारा, भंवर कंवर, जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र प्रसाद मेघवाल, पंचायत समिति सदस्य कानाराम, ओमप्रकाश सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।